तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 19 नवंबर 2025



12 शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन में हाफ ...



12 ग्रामीणों को नशामुक्ति और साफ-सफाई के लिए...






## खबर संक्षेप

### करप हाईस्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम



**सरोना।** थाना सरोना द्वारा चल रहे बाल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन करप स्थित हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं शिक्षकों को बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करना था, ताकि समाज में बाल अधिकारों की रक्षा और सुरक्षित वातावरण का निर्माण किया जा सके। थाना सरोना से पहुंचे पुलिस अधिकारी एवं महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित बच्चों को बाल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल और सहज भाषा में समझाई। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए और उन्हें सुरक्षित एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### नशामुक्त भारत अभियान में विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



**बासनवाही।** विकासखंड नरहरपुर के शाउमावि बासनवाही में नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा नशा मुक्त सुरक्षित भविष्य का निर्माण करना था। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानि को समझाते हुए बच्चों को जीवन में नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। इस कार्यक्रम में प्रचार्य देवकरण भास्कर, त्रिभुवन साहू, प्रदीप कुलदीप, डीएल नेताम, दयाशंकर साहू, हेमन्त नेताम, केके गंजीर, आरआर पांडे, मयंक गंजीर, पवन पटेल एवं शिक्षक स्टाप एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### समग्र शिक्षक फेडरेशन संघ ने रखी मांगें

**कांकेर।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद से मुलाकात करके संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षकों से संबंधित विभिन्न लंबित मामलों, विशेषकर प्रधान पाठक पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की माँग की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने फेडरेशन के आग्रह को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि प्रधान पाठक पदोन्नति प्रक्रिया को प्राथमिकता देकर जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि शिक्षकों से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का विभाग स्तर पर परीक्षण कर यथासंभव शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

# माहुद से मुड़खुसरा सड़क की नहीं ली गई सुध, किसान एवं छात्र होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 माहुद से मुड़खुसरा तक सड़क की निर्माण की माँग को लेकर गाँव के लोग 18 नवंबर को जनदर्शन में पहुँचे। प्रशासन से सड़क को बनवाने की माँग किया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से अवगत कराया गया है, परंतु सकारात्मक पहल नहीं होने से सकारात्मक परिणाम सामने आज तक नहीं आ पाया है।

कलेक्टोरेट जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुँचे ग्रामीणों हिरवेन्द्र साहू, विष्णु राम सिन्हा अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, मुकुंद चक्रधारी, रामगुलाल साहू, राधेलाल साहू, अर्जुन प्रजापति, अश्वनी साहू, धरम चक्रधारी, भुवन चक्रधारी, कुमान चक्रधारी ने

**ग्रामीणों ने कहा कि कई बार संज्ञान में लाया गया, सुधार नहीं**



### सड़क में फंस रहे वाहन, हो रहा आर्थिक नुकसान

किसानों ने बताया कि धान मण्डी माहुद तक पहुंचने का यही एकमात्र सड़क है। हर वर्ष किसानों को धान बेचने के लिए इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। खराब सड़क की वजह से ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, वाहन सभी फँस जाते हैं। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। किसानों ने बताया कि कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी अब तक इस सड़क को पक्का करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

बताया कि यह मार्ग पिछले कई वर्षों से जर्जर एवं कच्चा होने के कारण गांव को दो हिस्सों में बाँट देता है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि बरसात के दिनों में यह सड़क नाली जैसे खतरनाक रास्ते में तब्दील हो जाती है, जहाँ पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार मुड़खुसरा से माहुद तक की यह सड़क कृषि परिवहन का मुख्य मार्ग है। किसान अपने खेतों तक पहुँचने और कृषि कार्यों के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते हैं वहीं बच्चों की स्कूल आवागमन भी इसी मार्ग पर निर्भर है। लेकिन रास्ते की दयनीय स्थिति के चलते छात्रों और ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात में कीचड़, जलभराव और फिसलन के कारण ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कार्रवाई: पखांजुर और नरहरपुर तहसील क्षेत्र के समिति अमले पर लगा एस्मा

# धान खरीदी बाधित करने वाले 5 कर्मचारियों पर सख्ती, उल्लंघन पर दर्ज कराई गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से हो गई है, परंतु समिति प्रबंधक और कंप्यूटर आपरेटर के हड़ताल में जाने के कारण धान खरीदी प्रभावित हो रही है। सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए के उपायुक्त के निर्देश पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा पखांजुर के शाखा प्रबंधक की शिकायत पर लैंपस प्रबंधक और आपरेटर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

■ शासन हड़ताल पर गए कर्मचारियों के विरूद्व प्लेसमेंट से कर रही नियुक्ति

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा पखांजूर के शाखा प्रबंधक कौशल कुमार सिन्हा द्वारा थाना पखांजूर में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायत में बताया गया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पखांजुर के प्रभारी प्रबंधक वासुदेव दास तथा कंप्यूटर ऑपरेटर रवि शंकर मंडल को 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी केंद्र में अनिवार्य रूप से ड्यूटी के लिए पदस्थापित किया गया है, लेकिन दोनों ही कर्मचारी जानबूझकर नियोजित तरीके से हड़ताल में शामिल हैं। इससे शासन की धान खरीदी प्रक्रिया गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है और किसान परेशान हैं।

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि राज्य शासन ने धान खरीदी कार्य में लगे सभी कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संधारण एवं विछिन्नता निवारण अधिनियम 1979 लागू किया है। इसके तहत हड़ताल या कार्य बाधित करने जैसी गतिविधियाँ दंडनीय हैं। इसी संदर्भ में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा पत्र क्रमांक 945/17.11.2025 जारी कर दोनों कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस आधार पर शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पखांजुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 की धारा 7(1) और छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 की धारा 7(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**उमरादाह समिति के तीन कर्मचारियों पर हुई कार्वाई**





**नरहरपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक जिलेभर में धान खरीदी का कार्य जारी है। इस दौरान शासन द्वारा धान खरीदी कार्य को अत्यावश्यक सेवा घोषित करते हुए छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 लागू किया गया है। इसके बावजूद उमरादाह स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित के तीन पदस्थ कर्मचारी जानबूझकर सहयोग नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण धान खरीदी कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। सहकारिता विस्तार अधिकारी विकासखण्ड नरहरपुर रवि कुमार पंसारी ने लिखित शिकायत किया है, जिसके अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति उमरादाह के प्रभारी प्रबंधक, उपार्जन केंद्र नावडबरी के धान खरीदी प्रभारी शिवप्रसाद नाग और कम्प्यूटर ऑपरेटर तेज सिन्हा को धान खरीदी केंद्र में पदस्थापित किया गया था। परंतु तीनों कर्मचारियों पर आरोप है कि वे जानबूझकर निर्धारित कार्य से दूरी बनाते हुए नियोजित तरीके से हड़ताल में शामिल हैं। कर्मचारियों की इस अनुपालनहीनता से शासन का धान खरीदी अभियान बाधित हो रहा है, जिससे किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तीनों के खिलाफ एस्मा1979 के तहत कार्वाई की गई।

# आरबीएस बस ने बोलेरो और बाइक को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

चौकी कच्चे क्षेत्र में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें बोलेरो वाहन और मोटरसाइकिल सवार सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी चौकी कच्चे में पदस्थ आरक्षक आनंद मंडावी द्वारा बिना नंबरी देहाती नालशी के रूप में दर्ज कर थाने में असल नंबरी अपराध पंजीबद्ध करने भेजा गया।

जानकारी के अनुसार अंतागढ़ निवासी एक युवक, जो वर्तमान में पीएससी की तैयारी कर रहा है, अपने परिवारजनों के साथ बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजी 1252 से राजनांदगांव अस्पताल इलाज कराने जा रहा था। वाहन में उसकी मौसी पुनम खापर्डे, भावना गजबीये, भाभी महिमा रामटेके, भाई गतिक खापर्डे और उनका ड्राइवर संतोष सवार थे। सुबह करीब साढ़े 7 बजे अंतागढ़ से रवाना हुए वाहन को ड्राइवर संतोष चला रहा था। बोलेरा करीब साढ़े 8 बजे ग्राम कच्चे परिवहन संघ के पास स्थित पुलिया के करीब पहुंची, तभी पीछे से आ रही आरबीएस बस के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से ओवरटेक करने की कोशिश किया। इस दौरान बस ने पहले बोलेरो को पीछे से जोरदार टक्कर मारी और फिर सामने से आ रही



मोटरसाइकिल को भी ठोकर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बोलेरो में बैठे सभी छह लोगों को सिर, कमर, हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आईं। पुनम खापर्डे के सिर और कमर में, भावना गजबीये के पीठ और बाएं हाथ में, भाभी महिमा के सिर में, गतिक खापर्डे के सिर में तथा वाहन चालक संतोष के सिर में गंभीर चोटें दर्ज की गईं। वहीं मोटरसाइकिल चालक भी सिर में चोट लगने से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थल पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल 112 और एम्बुलेंस को कॉल कर सभी घायलों को डौंडी अस्पताल पहुंचाया।

आरक्षक आनंद मंडावी ने घटना पर देहाती नालशी दर्ज करते हुए मामले को थाना भानुप्रतापपुर में असल नंबरी अपराध दर्ज करने हेतु प्रस्तुत किया है। पुलिस ने आरबीएस बस चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 125 (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।



# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नशामुक्त भारत अभियान के पांच साल पूरा होने पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला कार्यालय में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को नशामुक्ति के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा समाज, परिवार और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प लेना आवश्यक है कि वह स्वयं नशा न करे और न ही किसी अन्य व्यक्ति को नशा करने के लिए प्रेरित करे। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आमजन को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करें। सभी अधिकारियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सक्रिय रूप से योगदान देने का संकल्प दोहराया।

# प्रयोगशाला से एम्पलीफायर माइक और तिरंगा की चोरी

**कांकेर** जिले के दुधावा क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारवंडी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। विद्यालय के रसायन प्रयोगशाला कक्ष से करीब 17 हजार मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक और अन्य आवश्यक सामान अज्ञात चोर द्वारा पार कर दिया गया। मामले की जानकारी विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस को दी। जिस पर दुधावा चौकी पुलिस ने बिना नंबरी अपराध दर्ज कर प्रकरण को थाना नरहरपुर में नंबरीकरण के लिए भेजा गया। दुधावा चौकरी को सारवंडी विद्यालय के भृत्य चन्द्रशेखर साहू ने बताया कि वह ग्राम दुधावा का निवासी है। विद्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर 2025 को शाम लगभग साढ़े 5 बजे विद्यालय को विधिवत ताला लगाकर घर लौटे थे। अगले दिन 11 नवंबर की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे जब वे विद्यालय पहुंचे और प्रयोगशाला कक्ष खोलने



लगे, तो उन्हें ताला खुला हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो प्रयोगशाला में रखा तितर बितर फैला हुआ था और मैने इसकी जानकारी प्राचार्य व शिक्षकों को दिया। प्रयोगशाला कक्ष में रखा हुआ एम्पलीफायर 01 नग, यूनिट 02 नग, हैंड माइक 02 नग, इको साउंड सिस्टम 01 नग, पेंचिस 01 नग, टेस्टर 01 नग, तिरंगा झंडा 01 नग, वायर बंडल 01 नग, स्विच बोर्ड 01 नग, ताला-चाबी 01 नग सहित कुल लगभग 17 हजार रूपएं का सामान नही था। स्टाफ से चर्चा के पश्चात मैने चोरी की पूरी घटना का लिखित आवेदन पुलिस को सौंपा। दुधावा पुलिस ने मामले की गंभीरत को देखते हुए जीरो में धारा 331 (4), 305(अ) ▶▶ शेष पेज 10 पर

# विधायक विक्रम ने 20 लाख के मिनी स्टेडियम निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास और जनसंपर्क को प्राथमिकता देते हुए विधायक विक्रम देव उसेंडी ने शुक्रवार को देवपुर में 20 लाख की लागत से बनने वाले मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन किया। क्षेत्र के सघन दौरे पर पहुंचे विधायक ने जहां युवाओं और कलाकारों के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं दूसरी ओर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा कर आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। देवपुर पहुंचने पर विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों, बीएलए और सहकारी बीएलओ के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण की स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि अब ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ देवपुर में विकास की नई शुरुआत



### प्रतिभाओं को मिलेगा बेहतर मंच

विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक विक्रम देव उसेंडी ने देवपुर में मिनी स्टेडियम का भूमि पूजन विधि-विधान से किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के युवाओं, कलाकारों और रचनात्मक प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिलेगा। यहां आयोजित कार्यक्रम और गतिविधियां स्थानीय कला-संस्कृति के उन्नयन में अहम योगदान देंगी।

## ओम मंडली का कांकेर में 22 से होगा दो दिवसीय दिव्य सत्संग

# जेपी इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को ओम उच्चारण के साथ कराया ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में एक विशेष ध्यान एवं योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान की टीम ने बच्चों को 'ओम' उच्चारण की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा और आत्म-शांति के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम स्कूल प्रबंधन की पहल पर आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक तनाव को कम कर उन्हें पढ़ाई के प्रति अधिक केंद्रित बनाना रहा। आयोजित सत्र के दौरान संस्थान के मार्गदर्शकों ने बच्चों को ओम मंत्र के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। प्रशिक्षकों ने स्पष्ट किया कि ओम उच्चारण शरीर और मन को संतुलित करता है, श्वास को नियंत्रित करने में मदद करता है और मन की अशांति को दूर कर आत्मविश्वास को बढ़ाता है। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ सत्र में भाग लेते हुए ओम मंत्र का ▶▶ शेष पेज 10 पर



■ मानसिक तनाव को कम कर पढ़ाई के प्रति अधिक केंद्रित करना उद्देश्य



### तनाव से निपटने में मिलती है मदद

ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक ध्यान, योग और आध्यात्मिक जागरूकता को पहुंचाना है। संस्थान के अनुसार बच्चों को कम उम्र से ही ध्यान और मंत्र-जप का अभ्यास कराया जाए तो वे जीवन में तनाव से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम बनते हैं।

### भोलेनाथ का होगा दो दिवसीय दिव्य सत्संग

ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि कांकेर में भोलेनाथ का दो दिवसीय दिव्य सत्संग 22 एवं 23 नवंबर को होगा, जिसमें संस्थान की अध्यक्ष देवकी मैया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगी। पहले दिन 22 नवंबर शनिवार को शोभायात्रा दोपहर 3 बजे निकलेगी और 23 नवंबर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक भोलेनाथ का दिव्य सत्संग, ओम उच्चारण, संपूर्ण बंदे मातरम् गायन एवं भजन कार्यक्रम होगा।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जिले में सड़क विकास को मिली रफ्तार

**नारायणपुर।** लोक निर्माण विभाग नारायणपुर के अन्तर्गत गढ़बेंगाल से धौड़ाई तक गिट्टी डब्लूएमएम से पैच का कार्य प्रगति पर है। नवम्बर माह के अंत तक गढ़बेंगाल से धौड़ाई तथा पल्ली छोटेडोंगर से ओरछा मार्ग लंबाई 19 किमी का निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर सीमेंट कांक्रीट मार्ग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वर्तमान में पल्ली छोटेडोंगर-ओरछा मार्ग 12 किमी का सी.सी. मार्ग के चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है। वर्षा ऋतु उपरान्त कार्य में तेजी लाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### हीरा नेताम बने कोंडागांव किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**कोण्डागांव/केशकाल।** कोंडागांव जिले में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर हीरालाल हीरा नेताम को नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे बड़ेराजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, लिहागांव के सरपंच, और सरपंच संघ बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। पिछले कार्यकाल में वे जिला पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं और लगातार क्षेत्रीय विकास में योगदान दे रहे हैं। हीरा नेताम की नियुक्ति के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया एवं फोन कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई दी और नई जिम्मेदारी पर उत्साह व्यक्त किया। नई जिम्मेदारी मिलने पर हीरा नेताम ने जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्व विधायक संत नेताम, पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, और अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित सभी शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। हीरा नेताम ने कहा मैं लगातार पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहा हूं। पार्टी ने जिला किसानों की आवाज बनने का अवसर दिया है। पार्टी के विचारों को जन–जन तक पहुँचाते हुए किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने की दिशा में कार्य करूंगा।

# विज्ञान भवन दिल्ली में डुमरपानी को राष्ट्रीय जल पुरस्कार में तृतीय स्थान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 समारोह में जिले के विकासखंड नरहरपुर स्थित डुमरपानी ग्राम पंचायत को सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। समारोह का आयोजन 18 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ, जहाँ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने यह सम्मान प्रदान किया। ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच कंसराम नेताम और कार्यक्रम अधिकारी राहुल तारक ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया। डुमरपानी ग्राम पंचायत को यह सम्मान जल संरक्षण और प्रबंधन में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला है। ग्राम पंचायत ने मनरेगा और अन्य योजनाओं के सहयोग से कुल 153 भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए संरचनाओं का निर्माण किया गया है| जिसमें 103 निजी तालाब, 14 मिनी परकोलेशन टैंक, 1 नया तालाब निर्माण, 2 तालाब गहरीकरण, 20 ब्रशवुड निर्माण, 3 लूज बोल्डर और 10 गली प्लग निर्माण शामिल हैं। ये संरचनाएँ किसानों को सुरक्षित सिंचाई प्रदान करके उनकी आजीविका में सहयोग कर रही हैं। यह कांकेर जिले के लिए जल प्रबंधन के क्षेत्र में लगातार दूसरी राष्ट्रीय सफलता है। डुमरपानी से पहले, पिछले वर्ष 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 में कांकेर जिले के ही मासुलपानी ग्राम पंचायत को सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

## 153 भूमिगत जलस्तर को बढ़ाने के लिए संरचनाओं का किया निर्माण

### 38 विजेताओं की घोषणा की

इस पूरी प्रक्रिया में तकनीकी सहयोगी के रूप में जिला पंचायत कांकेर, जनपद पंचायत नरहरपुर, मनरेगा शाखा नरहरपुर एवं प्रदान संस्था कांकेर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंत्रालय ने 6वें पुरस्कारों के लिए 9 श्रेणियों में 38 विजेताओं की घोषणा की है। राष्ट्रीय जल पुरस्कार उन प्रयासों पर केंद्रित हैं, जो देशभर में सरकार के जल समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने हर्ष व्यक्त किया है।



### कलेक्टर, सीईओ ने कार्यों को सराहा

जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने इस सफलता के लिए डुमरपानी ग्राम पंचायत के सभी निवासियों, सरपंच और पंचायत टीम को बधाई दी है।

## कार्यक्रम : नशा एक सामाजिक बुराई, डालती है नकारात्मक प्रभाव

# पीएमश्री और डांगरा विद्यालय में विद्यार्थियों ने ली जागरुकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में 18 नवंबर मंगलवार को पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं, छात्र–छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर करना था।

शपथ ग्रहण करते हुए सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने नशे से दूर रहने, समाज को जागरूक करने और नशा मुक्त वातावरण तैयार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी भी प्रदान की गई। प्राचार्य अजय नेताम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालती है। इसलिए आवश्यक है कि युवा वर्ग जो देश और प्रदेश का भविष्य है। नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज को नई दिशा प्रदान करने वाला है, और विद्यार्थियों का जागरूक होना इस अभियान की सबसे बड़ी सफलता है।



### नशे से दूर रहकर स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीयें, रोज स्कूल आएं

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय पूर्व माशा डांगरा में नशामुक्ति दिवस पर सभा आयोजित किया गया। सभा का शुभारंभ उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा नशामुक्ति की शपथ के साथ हुआ। शपथ ग्रहण के बाद अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, गंभीरता से पढ़ाई करने तथा खेलकूद के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र नरेटी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, पूरे परिवार और समाज का नाश करता है। बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीना चाहिए। आयोजित प्रार्थना सभा में पालक प्रतिनिधि अशोक नरेटी, जीवन लाल नरेटी, बृजलाल तोप्पा, सविता गावड़े, विभा ठाकुर, हेमंत ठाकुर सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना के अनुरूप सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थिति रही तथा विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर समाज एवं परिवार में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता निर्मला नेताम ने कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता विषय पर विस्तृत उद्बोधन देते हुए कहा कि परिवार में प्रेम, सहयोग और अनुशासन का वातावरण होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मातृशक्ति को संदेश देते हुए कहा कि बच्चों का जन्मदिन ऐसे मनाएं, जिससे समाज व प्रकृति दोनों को लाभ पहुंचे। उन्होंने सुझाव दिया कि जन्मदिन पर केक काटने के स्थान पर एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया जाए, जिससे बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण में कमी लाई जा सके तथा बच्चों में प्रकृति प्रेम की भावना विकसित हो। ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल की सरपंच एवं सरपंच संघ की अध्यक्ष शकुंतला नरेटी ने कहा कि आत्मबोध, स्वास्थ्य, अधिकार, सामाजिक समरसता और आर्थिक सशक्तिकरण ये सभी आयाम मातृशक्ति के माध्यम से ही समाज में मजबूती से स्थापित होते हैं। उन्होंने कहा कि नारी है तो संसार है, क्योंकि वही परिवार को संस्कार देकर आगे बढ़ाने की मूल शक्ति है। विद्यालय की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समझ तथा जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं और नारी शक्ति का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन का यह आयोजन न केवल मातृशक्ति के सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ, बल्कि परिवार एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संदेश को भी मजबूती से स्थापित किया। सुपरवाइजर देवकुमारी परिहार, नलिनी बाजपेई, चित्ररेखा बेसरा उपस्थित रहे।

# जिले में धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार किसानों के चेहरों पर छलकी खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रदेशभर में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का काम तेजी से चल रहा है।

ग्राम पंचायत गिरोला के किसान भोमराज दीवान ने अपनी 4 एकड़ 16 डिसमिल जमीन से उपजे 56 क्विंटल धान की बिक्री की। उन्होंने केंद्र पर पेयजल, सटीक तौलिया और टोकन सिस्टम की व्यवस्था की सराहना की। श्री दीवान ने कहा, इस बार कोई परेशानी नहीं है, सब कुछ बहुत अच्छे से चल रहा है। गिरोला उपार्जन केंद्र के प्रबंधक रमेश कुमार नेताम ने बताया कि मंगलवार को 7 किसानों के टोकन काटे गए और कुल 362.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

### पारदर्शी और सुविधाजनक व्यवस्था से किसान गदगद्

किसानों का कहना है कि इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था पहले से कहीं अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हितैषी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समय पर की गई तैयारियों से किसानों को उचित मूल्य और बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। जिले भर में धान खरीदी का कार्य अब पूरी रफ्तार पकड़ चुका है और ग्रामीण अंचल में उत्साह का माहौल है।

# प्रभारी सचिव ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने मंगलवार को कोंडागांव जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया और धान बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। तैयारी और प्रगति से अवगत कराया कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले में धान खरीदी की तैयारियों, प्रगति और व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रभारी सचिव को दी।


प्रभारी सचिव ने बारदाना उपलब्धता, डनेज व्यवस्था, टोकन वितरण, ऑपरेटर एवं इंटरनेट सुविधा जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने धान के बोरों का तौल कर वजन की जांच की और शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की आर्द्रता की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मानक आर्द्रता स्तर पर ही खरीदी की जाए।



**किसानों की सुविधा पर विशेष जोर** –प्रभारी सचिव ने सभी केंद्रों में किसानों के लिए पेयजल, प्रतीक्षा व्यवस्था, सटीक व समयबद्ध टोकन प्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए, ताकि धान खरीदी सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके।

**ये रहे उपस्थित**–इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अश्वन पुसाम, अजय उरांव, खाद्य अधिकारी नवीन चंद्र श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### फरसगांव में धान खरीदी केंद्र में भी पहुंचे



**फरसगांव।** जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने जिले के धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और धान बेचने आए किसानों से भी संवाद किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले में धान खरीदी की तैयारी और प्रगति से अवगत कराया। प्रभारी सचिव भीम सिंह ने मंगलवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए खरीदी की व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, डनेज व्यवस्था और टोकन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने धान के बोरी को तौल कराकर वजन की जांच की और शासन द्वारा निर्धारित वजन अनुसार खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आर्द्रतामापी यंत्र से धान की आर्द्रता को भी देखा। प्रभारी सचिव ने सभी केंद्रों में टोकन की समुचित व्यवस्था, ऑपरेटर एवं इंटरनेट की व्यवस्था सहित किसानों के लिए पेयजल सहित उनके सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुचारू ढंग से धान खरीदी कार्य के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित एसडीएम अश्वन पुसाम, एसडीएम अजय उरांव और खाद्य अधिकारी नवीन चंद्र श्रीवास्तव, तहसीलदार जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आदान - प्रदान कार्यक्रम का नौवां जत्था बेंगलुरु के लिए हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित 17 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत नौवां जत्था 16 नवंबर को जिले के अत्यंत दुर्गम और नक्सल प्रभावित इलाकों से चयनित 20 आदिवासी युवक-युवतियों को लेकर बेंगलुरु कर्नाटक के लिए रवाना हुआ। प्रतिभागियों को रायपुर रेलवे स्टेशन से विदाई दी गई। यह कार्यक्रम आदिवासी युवाओं को देश की विविध संस्कृति, विकास की धारा और आपसी सौहार्द से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को अन्य राज्यों के छात्रों से जोड़कर उन्हें विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, खान-पान, बोली-भाषा और जीवनशैली से परिचित कराना है। बैंगलोर में प्रतिभागी देश के अलग-अलग राज्यों से आए आदिवासी युवाओं के साथ समय बिताते हुए सांस्कृतिक आदान-प्रदान करेंगे। यहां उन्हें स्थानीय लोक संस्कृति, नृत्य, पहनावा, संगीत और कला को नजदीक से जानने का अवसर मिलेगा और साथ ही कर्नाटक के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे उनके ज्ञान और अनुभवों में वृद्धि होगी। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि सात दिन निर्धारित है। छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर में तैनात बीएसएफ इस वर्ष कुल 25 भ्रमण कार्यक्रमों का संचालन कर रही है, जिनमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 18–22 आयु वर्ग के 650 चयनित युवा भाग ले रहे हैं। यह पहल इन युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बैंगलोर प्रवास के दौरान प्रतिभागियों को अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। युवाओं को वहां के उद्योगों, तकनीकी संस्थानों और सुरक्षा बलों के शिविरों का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे वे देश की प्रगति और सुरक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझ सकें। बीएसएफ का यह प्रयास न केवल आदिवासी युवाओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है, बल्कि उन्हें व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे वे अपने भविष्य के लिए आत्मविश्वास के साथ नए अवसरों की ओर कदम बढ़ा सकें।

# सभी नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने की। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा जिले में निर्माणाधीन एवं अधूरे भवनों को माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ममगाईं ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर तेज गति से काम करने पर जोर दिया, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुँच सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुए, नियमित रूप से स्थल निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने नियद नेल्लानार क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चल रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने स्कूल विभाग के अधीन निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक ढांचे से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उन्होंने धान विक्रय हेतु कृषक पंजीयन का सत्यापन समय पर करवाने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से सरकार को प्रेषित किए जाने वाले महत्वपूर्ण प्रतिवेदनों और आंकड़ों की समीक्षा की। इनमें वामपंथी उग्रवादी हिंसा में मृत व घायल नागरिकों का विवरण, आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण प्रतिवेदन, शालाओं में शिक्षकों की उपस्थिति, पेंशन, जीपीएफ, ग्रेच्यूटी एवं एरियर प्रकरणों का समाधान, प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन वितरण, आधार नामांकन एवं अद्यतन सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु अतिरिक्त आधार ऑपरेटरों की तैनाती, पीडब्ल्यूडी द्वारा संचालित सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति शामिल थे।



## पेज 9 के शेष...

### माहुद से मुड़खुसरा...

इस मार्ग पर आना-जाना लगभग असंभव हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन को बताया कि सड़क निर्माण की मांग कोई नई नहीं है, कई बार ज्ञापन देने और शिकायतें करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। अब हालात ऐसे हैं कि धान परिवहन सीजन में किसानों को भारी जोखिम लेकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है।

### प्रयोगशाला से एम्पलीफायर...

बीएनएस के तहत मामला थाने में पेश किया गया, जिस पर नरहरपुर थाना पुलिस ने नंबरी अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। विद्यालय परिसर में चोरी की यह घटना सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। स्थानीय लोग और स्कूल प्रबंधन पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं, ताकि चोरी गए सामान की बरामदगी हो सके और चोरों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### विधायक विक्रम ने...

तक कितने नए फॉर्म भरे गए, कितने आवेदन प्रगति पर हैं। किन क्षेत्रों में लोगों को सहायता की आवश्यकता है। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए हर व्यक्ति का मतदान अधिकार सुनिश्चित होना जरूरी है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और बीएलए को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि वे गांव-गांव पहुंचकर शेष बचे योग्य लोगों के फॉर्म भरवाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और आम नागरिकों की हर संभव मदद करें। भूमिपूजन और समीक्षा कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दीपंकर राय, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष शंकर सरकार, देवपुर पंचायत के उपसरपंच मनोज मंडल, जिला उपाध्यक्ष दीपंकर दत्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़, अमर ब्रह्मचारी, मंडल उपाध्यक्ष तुषार सरदार, मंडल महामंत्री बिमल साहा एवं अमित दास, मंडल मंत्री स्वरूप चक्रवाती, अंजली अधिकारी, अरूप सरकार, उत्तम सरकार, युवा मोर्चा के आकाश सरकार, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### जेपी इंटरनेशनल स्कूल...

सामूहिक उच्चारण किया, जिससे वातावरण शांति और सकारात्मकता से भर गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को ध्यान की मूल विधि समझाई गई। ओम मंडली की टीम ने बच्चों को आंखें बंद कर श्वास पर ध्यान केंद्रित करने, मन को शांत रखने और ध्वनि के कंपन को महसूस करने का अभ्यास कराया। लगभग 30 मिनट तक चले इस सत्र में विद्यार्थियों ने ध्यान साधना का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। कई विद्यार्थियों ने इसे अपने लिए नया और रोचक अनुभव बताया। उनका कहना था कि ओम जप से उन्हें मन में शांति और स्थिरता महसूस हुई। स्कूल के प्राचार्य ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को भी समान रूप से मजबूत करना जरूरी है। प्राचार्य ने संस्थान को भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्यवर्धक और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आमंत्रित किया।

## खबर संक्षेप

### तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड जनपद कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत से आए तीर्थ यात्रियों के बस को जनपद सदस्य जगमोहन बघेल एवं जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी परमेश्वर कुर्रे के द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को तीर्थ दर्शन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पंचायत निरीक्षक प्रहलाद चंद्राकर, जनपद सदस्य राजमन शाखा, लिपिक कंचन कश्यप, विनोद कश्यप, मनीष बघेल, अशोक महानदी एवं जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

### एसआईआर लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने की अहम प्रक्रिया

**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कहा कि एसआईआर भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने की एक अहम प्रक्रिया है।



जिसे निर्वाचन आयोग सम्पादित कर रहा है। असरानी ने कहा कि भाजपा इस कार्य में अपने बीएलए के जरिए यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से छूट न जाए और अपात्र व फर्जी मतदाता इस सूची में रह न जाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर की दृष्टि से अंदरूनी क्षेत्रों में आने वाली दिक्कतों के लिए भी रणनीति तैयारी करना है। एसआईआर देश में कोई पहली बार नहीं हो रहा है। देश में चुनावी प्रक्रिया के शुद्धिकरण और सशक्तीकरण के लिए चुनाव आयोग यह काम कर रहा है। इसके लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता घर–घर जाकर हर मतदाता का सटीक सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

### नशामुक्त समाज के लिए अधिकारियों ने लिया संकल्प



**बीजापुर।** राष्ट्रव्यापी नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आज इन्द्रावती सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों ने नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने उपस्थित सभी अधिकारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशे के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने की दिशा में प्रत्येक अधिकारी को स्वयं पहल करते हुए अपने कार्यस्थल व परिवेश को नशामुक्त घोषित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र की पहल से समाज में जागरूकता बढ़ेगी और नशे के खिलाफ सकारात्मक वातावरण तैयार होगा। कार्यक्रम में डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन वाय, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल रवाना



**बीजापुर।** अयोध्या धाम स्थित रामलला विराजमान के दर्शन हेतु बीजापुर जिले से 28 हितग्राहियों का श्रद्धालु दल आज पारंपरिक उत्साह और धार्मिक भावनाओं के साथ रवाना किया गया। जिले से चयनित इन श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण और भावनात्मक रही, क्योंकि कई लोग पहली बार अयोध्या धाम पहुँचकर रामलला के दर्शन करने जा रहे हैं। श्रद्धालु दल 19 नवंबर को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगा।

# डॉ. शुक्ला ने किया कटेकल्याण सीएचसी का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले की प्रभारी सचिव एवं आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कटेकल्याण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं, दवाओं, साफ-सफाई, स्टाफ की उपस्थिति तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

डॉ. शुक्ला ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, दवा वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य सेवाओं को समय पर तथा संवेदनशील तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसूति सेवा, आपातकालीन चिकित्सा तथा ओपीडी संचालन एनआरसी कक्ष की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने कहा कि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से मरीजों के प्रति व्यवहार को और अधिक संवेदनशील व सहयोगपूर्ण रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन व स्टाफ के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने जल्द ही आवश्यक संसाधनों व व्यवस्थाओं को मजबूत करने का आश्वासन दिया। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान प्रभारी सचिव डॉ. प्रियंका शुक्ला ने शासकीय कन्या माध्यमिक शाला बारसूर पहुंचकर विद्यालय की शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया। बच्चों से सीधे संवाद करते हुए आयरन गोली वितरण की व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं से स्कूल हेल्थ एवं न्यूट्रिशन कार्यक्रम की स्थिति जानी। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से आयरन की गोलियां मिलने की जानकारी चाही इस पर छात्राओं ने बताया कि उन्हें गोलियां समय-समय पर दी जाती हैं। इसके बाद छात्राओं से आयरन गोली के रंग के बारे में पूछा। 8वीं कक्षा की छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया कि गोली नीले (ब्लू) रंग की होती है।

उनका यह संवाद न केवल बच्चों की समझ का आंकलन था, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना था कि विद्यालय में स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि आयरन गोली वितरण नियमित रूप से किया जाए और बच्चों को इसके महत्व के बारे में सही जानकारी दी जाए ताकि एनीमिया की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। दौरे के दौरान सीएचएमओ डॉ. अजय रामटेके सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के शपथ ग्रहण में शामिल हुए कश्यप

# चेम्बर के नवनिर्वाचित सदस्यों को सांसद ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल





लौह नगरी किरंदुल में चैंबर ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण सम्मान समारोह मंगलवार को एनएमडीसी के मंगल भवन में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं सभी अतिथियों का आतिशबाजी के साथ तिलक एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सभी अतिथियों

- बस्तर नक्सल मुक्त की ओर बढ़ रहा

ने मां दंतेश्वरी के फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र सोनी ने किया एवं कमेटी के आरती नमक ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई। सांसद महेश कश्यप ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को पुष्प हार पहनकर जीत का प्रमाण पत्र दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम सोनी ने व्यापारियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किया।

सांसद ने कहा कि आज बस्तर नक्सल मुक्त की ओर बढ़ रहा हैं, बस्तर के चारों तरफ रेल लाइन बिछाने का कार्य जारी है, व्यापार इससे और भी आगे बढ़ेगा। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

अतिथियों को साल श्रीफल और मोमेंटो प्रदान किया गया। संचालन कमेटी के सदस्य बिप्लव मल्लिक कार्यक्रम में मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में व्यापारियों के साथ सभी समाज प्रमुख उपस्थित हुए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रूबी शैलेंद्र सिंह नगर पालिका अध्यक्ष किरंदुल, राजू जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष बचेली, सुलोचना कर्मा जिला पंचायत सदस्य, संतोष गुप्ता जिला अध्यक्ष भाजपा दंतेवाड़ा, सत्यजीत सिंह चौहान जिला महामंत्री किरंदुल भाजपा प्रभारी, एक सिंह सचिन इंटर यूनियन, नवीन विश्वकर्मा सांसद प्रतिनिधि दंतेवाड़ा, अतुल सिंह अध्यक्ष कॉन्टैक्टर संगठन किरंदुल, मनोज सिंह अध्यक्ष बैलाडिला ट्रक ओनर एसोसिएशन, रामू नेताम जनपद पंचायत सदस्य, मीणा मांडवी सरपंच कोड़ेनार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ,मृणाल राय,राजी मॉल, अमरीक सिंह, पिंटू राम यूके उपस्थित हुए।

नव निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप माकन, उपाध्यक्ष संजय सोनी, सुषमा साहू, उषा साहू , सचिव राज प्रसाद, कार्यालय सचिव राजेश वेपराल, कोषाध्यक्ष विशाल जैन, सह कोषाध्यक्ष विकास स्वामी, सह सचिव शेखर दत्ता, मोहित धवन, आसिफ सिद्धिकी सुजीत सोनकर ने शपथ लिया।

संचालन कमेटी में बंटी अरोरा, रवींद्र सोनी, आरसी नाहक, विजय सोढ़ी, राजेंद्र सक्सेना, राजेंद्र मृणाल राय, आकाश गोयल, आजाद सक्सेना, तपन दास, शेख सगीर की अहम भूमिका थी।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती

# सांसद के नेतृत्व में हुआ यूनिटी मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बीजापुर जिले में बस्तर सांसद महेश कश्यप के नेतृत्व में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च जिले में राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया।

यूनिटी मार्च का शुभारंभ बीजापुर के आराध्य देव चिकट राज के परिसर से किया गया। इसके बाद दुर्गा मंदिर में अल्प विराम लेते हुए यह मार्च एजुकेशन सिटी स्थित नवोदय विद्यालय परिसर में पहुंचा जहां सांसद सहित जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण और अखंड भारत की अवधारणा में उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प, संगठन कौशल और राष्ट्रीय एकता के प्रति उनके समर्पण से नई पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक तथा स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने सरदार पटेल की राष्ट्रवादी सोच और एकता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों का नेशनल गेम्स दिल्ली के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का चयन आगामी डीएवी नेशनल गेम्स के लिए हुआ है। जो 23, 24 और 25 नवंबर को दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। यह चयन विद्यालय के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और छात्रों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। चयनित खिलाड़ियों में कक्षा 9वीं के अनिकेत बाजपेयी का अंडर-17 रोलर स्केटिंग, कक्षा 7वीं की जागृति बघेल का अंडर-17 योगा, तथा कक्षा 10वीं के मनमोहन सिंह और भावेश चंदेल का अंडर-17 कबड्डी में चयन हुआ है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं की लक्ष्मी कश्यप को अंडर-19 800 मीटर रनिंग, प्रेरणा बघेल को अंडर-19 400 मीटर रनिंग तथा योगिता यादव को अंडर-19 4×400 मीटर रिले रेस में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

शिक्षक प्रभारी त्रिभुवन ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की राह प्रशस्त करती है। वहीं विद्यालय की खेल प्रशिक्षिका प्रतिमा साहू ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव सिद्ध होगी। विद्यालय परिवार ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पहुंचे बस्तर के संवेदनशील क्षेत्र बिन्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा



चित्रकोट विधानसभा लोहंडीगुड़ा ब्लाक के संवेदनशील क्षेत्र बिन्ता जो पूरे देश के साथ भी वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा हैं। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप

- स्कूलों में गूंजा वंदे मातरम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से मिले

पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने विद्यार्थियों से उनका हाल-चाल जाना एवं शिक्षकों से मुलाकात कर उनसे आवश्यक चर्चा की एवं उन्हें निर्देश दिया।

ज्ञात हो की वंदे मातरम गीत एक ऐसा गीत है जिसने भारतीयों की पीढ़ियों को एकजुट होने, उठ खड़े होने और राष्ट्र की भावना का जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया है इसी क्रम में आज बिनता में भी पूरी गरिमा के साथ राष्ट्रीय गीत गाया गया। इस दौरान शाउमा विद्यालय बिन्ता में स्पोर्ट क्लब के बच्चों से खास बातचीत हुई जिसमें बच्चों के खेल सामग्री मांग के अनुसार उपाध्यक्ष द्वारा उन्हें सामग्री को लेकर उचित आश्वासन भी दिया गया।

इसी कड़ी में पूर्व माध्यमिक शाला करेकोट, प्राथमिक शाला सतसपुर का भी औचक निरीक्षण कर वहां के बच्चों से मुलाकात किया और भविष्य के लिए उनके सपनों को जाना और आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया गया। यह सब तस्वीर देखकर सहज ही लगता है कि अब बस्तर बदल रहा है यही बदलते बस्तर की तस्वीर है जहां आज गोलियों की जगह शिक्षा की गूंज है। डबल इंजन भाजपा सरकार में बस्तर की आदिवासी संस्कृति को संरक्षित किया है। वहीं यहां के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की राह सुनिश्चित की है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सावेद्र सेठिया, चंद्रशेखर ठाकुर, भाजपा मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, मटनार सरपंच डोमूराम कश्यप, सरपंच करेकोट महेश नाग, डालिमधर बघेल, पिलूराम यादव, अजीत कुमार नाग उपस्थिति रहे।

# कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



बस्तर के पूर्व सांसद एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कश्यप के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा तोकापाल मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। फल वितरण के दौरान पदाधिकारियों ने अस्पताल में उपचार एवं व्यवस्थाओं का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया तथा डॉक्टरों एवं अस्पताल स्टाफ को मरीजों को सर्वोत्तम, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाज की सेवा ही हमारे संगठन की प्राथमिकता है। जन-सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भाजपा की पहचान है। इसी सेवा-समर्पण की भावना को केंद्र में रखते हुए यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य पद्मनी कश्यप, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल युवा मोर्चा अध्यक्ष जीवनाथ मौर्य, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मंडल उपाध्यक्ष मिटकू बघेल, मंडल महामंत्री मुन्ना लाल कश्यप, मेघराज ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी शिव सूर्यवंशी वरिष्ठ कार्यकर्ता दसरथ बघेल, युवा नेता जलन कश्यप, कर्मचारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किरंदुल परियोजना में हुई एमएसईएस विकास व सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




किरंदुल परियोजना में रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के कुशल निर्देशन में अधिशासी निदेशक के सम्मेलन कक्ष में परियोजना के अधिकारियों व परियोजना कार्यों में संलग्न एमएसईएस वेंडरों, कांट्रेक्टर्स के लिए एमएसएमई-विकास व सुविधा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र का आरंभ मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक को पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया गया। साथ ही श्लोकेश कुमार परगनिहा, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई, डीएफओ-रायपुर बी सिंह सहायक निदेशक, एमएसएमई डीएफओ-रायपुर, राकेश तिवारी, जेम एक्सपर्ट, रायपुर को भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सुशील चंद्र गुप्ता सहा.महाप्रबंधक सामग्री ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और आज के कार्यक्रम के बारे में बताया।

परगनिहा, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई ने परियोजना के अधिकारियों को एमएमएमई के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि एमएसएमई योजना भारत सरकार की एक प्रणाली है जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने के लिए है। इसका उद्देश्य इन व्यवसायों को ऋण, वित्तीय सहायता और अन्य लाभ प्रदान करना है ताकि वे आगे बढ़ सके और रोजगार पैदा कर सकें और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकें। यह 2006 से एमएसएमईडी अधिनियम के तहत स्थापित की गई है। एमएसएमई में पंजीकरण करने से छोटे और मंझले व्यवसायों को सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता देना, आसान किस्तों ऋण उपलब्ध कराना, मशीनरी खरीदना और व्यवसाय का विस्तार करना, अपने उत्पादन, निर्यात और नवाचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन शहरी, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना है। साथ ही एमएसएमई में पंजीकरण के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभों के पात्र हो जाते हैं। सत्र के दौरान रंजीत धिवारे, सहा.महाप्रबंधक सामग्री द्वारा भी वीआईएमएस पोर्टल के बारे में उपस्थित वेंडर्स को विस्तार से समझाया गया।

इसी प्रकार द्वितीय सत्र में जैम एक्सपर्ट राकेश तिवारी रायपुर के द्वारा परियोजना कार्यों में संलग्न वेंडरों, कांट्रेक्टर्स, एमएसएमई अधिकारियों को भी एक्सपर्ट ने एमएसएमई से संबंधित जानकारी दी और कहा कि आजकल ऑनलाईन का जमाना है तथा पारदर्शिता और कार्य में शीघ्रता लाना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में वेंडरों ने योजना में आनेवाले दिक्कतों संबंधित प्रश्न पूछे वहीं एक्सपर्ट ने तुरंत निराकरण करते हुए उनकी दिक्कतों का समाधान किया।

कार्यक्रम में केपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एम. सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक विद्युत संयंत्र, एसके कोचर, महाप्रबंधक खनन, पीबी एंटोनी, महाप्रबंधक सामग्री, वी. मधुसुदन, महाप्रबंधक विद्युत, संविदा, सुशील कुमार पांडेय, उप महाप्रबंधक सिविल, शरद गुप्ता, वरि.प्रबंधक सामग्री, नीतू देवांगन,उप प्रबंधक सामग्री, नवीन रूंकू, उप प्रबंधक सामग्री, ईशा श्रीवास्तव, सहा.प्रबंधक सामग्री एवं दलिप कुमार, सहा. प्रबंधक सामग्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व नगर के वेंडर्स, कांट्रेक्टर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुशील चंद्र गुप्ता, सहा.महाप्रबंधक सामग्री ने और धन्यवाद ज्ञापन के.इलांगो, उप महाप्रबंधक सामग्री ने किया।

### वीरांगनाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ती बेटियां

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 15 से 20 नवंबर तक वीरांगना पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों में बालिकाओं और महिलाओं के अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वीरांगनाओं की प्रेरणा से सशक्त होती बेटियाँ- विशेष परिचर्चा और संगोष्ठियों में रानी लक्ष्मीबाई, सावित्री बाई फुले, बहादुर कलारीन, मिनीमाता, रानी अवंतीबाई लोधी और रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं के साहस, संघर्ष और योगदान को याद करते हुए बालिकाओं को प्रेरित किया जा रहा है। नाटक और स्क्रिप्ट के माध्यम से जागरूकता- छात्राओं द्वारा बाल अधिकार एवं सामाजिक भेदभाव विषय पर नाटक स्किट का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें बालिकाओं के अधिकार हनन और संरक्षण दोनों का प्रभावी चित्रण किया गया।

## खबर संक्षेप



### रबी फसल के लिए गेहूं बीज का किया वितरण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 18 नवंबर को ग्राम हाटकोंदल में आत्मा योजनांतर्गत रबी फसल प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्राम के कृषकों को रबी मौसम के लिए गेहूं बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बेनूराम मरकाम ने किसानों को बेहतर पैदावार के लिए समय पर बोनी, उन्नत किस्मों के चयन तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन के माध्यम से न केवल किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले गेहूं बीज प्रदान किए गए, बल्कि उन्हें तकनीकी ज्ञान भी दिया गया, जिससे आगामी रबी सीजन में बेहतर उत्पादन की उम्मीद की जा रही है।

### जनदर्शन में 22 आवेदन मिले निराकरण करने दिए निर्देश

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के समक्ष कुल 22 आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में सीसी सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने, मानदेय की राशि दिलाने, राजस्व अभिलेख सुधारने, सीमांकन कराने, राशन कार्ड बनवाने एवं आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### शिक्षक गुणवत्ता सुधार को लेकर प्राचार्यों की बैठक



**दुर्गुकोंदल ।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में हमर लक्ष्य अभियान के तहत शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 18 नवंबर को विकासखंड के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपार आईडी, यू-डाइस कोड का अद्यतन, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, केंद्रीकृत कक्षा पाँचवीं एवं आठवीं की परीक्षा, बालवाड़ी संचालन, छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया, तथा 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली उल्लास साक्षरता महापरीक्षा की तैयारी पर चर्चा किया गया।

## निधन

### सुनीला दीवान

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सोनादई निवासी सुनीला



दीवान का निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सोनादई में किया गया, जिसमें परिजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए। वे ग्राम पंचायत लोहत्तर के उपसरपंच गोविन्द दीवान की बहन एवं जनपद सभापति विकास राजु नायक की मामा की बेटी थीं।

### बैठक में कलेक्टर ने की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा

# जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी अनिवार्य रूप से प्रारम्भ करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले के सभी 149 उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी अनिवार्यतः सुनिश्चित करते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। इस कार्य को बाधित करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करें। सभी अनुविभागीय अधिकारी अपने अनुभाग के अधीनस्थ केन्द्रों में धान खरीदी कार्य पर लगातार निगाह रखते हुए किसानों को सुविधापूर्ण ढंग से धान बेचने के संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्ताशय के निर्देश देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में धान-खरीदी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सभी उपार्जन केन्द्रों में नए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति कर ली गई है तथा विभाग द्वारा उन्हें नवीन यूजर आईडी और पासवर्ड प्रदाय कर धान की खरीदी सुचारू रूप से कराई जा रही है। धान-खरीदी एस्मा एक्ट के दायरे में, सहयोग नहीं करने पर की जाएगी सख्ती से कार्रवाई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि केन्द्रों में पुराने कम्प्यूटर ऑपरेटर के नहीं लौटने की स्थिति में नवनियुक्त ऑपरेटरों से कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने सभी



### नशा नहीं करने की दिलाई शपथ

बैठक के अंत में नशामुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक तौर पर जागरूक करने और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। इस दौरान डीएफओ हेमचंद पहारे, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एएस पैकरा, एसडीएम अरूण वर्मा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

उपार्जन केन्द्रों में इंटरनेट की उपलब्धता, सभी आवश्यक उपकरण, साफ-सफाई, हमालों की व्यवस्था सहित किसानों के लिए छाया, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया और साथ ही यह भी बताया कि राज्य शासन की यह सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य होने के कारण इसे आवश्यक सेवा संधारण अधिनियम-1979 एस्मा एक्ट के दायरे में लाया गया है तथा इसमें सहयोग नहीं करने वाले जिले के 02 समिति प्रबंधक, 02 डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा 01 केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस कार्य में सहयोग नहीं करने अथवा बाधित करने वालों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा आगे भी सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने इसे सभी विभागों को गम्भीरता से लेने के लिए भी निर्देशित किया। इसी तरह जिला एवं अधीनस्थ कार्यालयों में ई-ऑफिस के कार्यों अपेक्षित गति लाने के लिए सभी अधिकारियों को ऑनलाइन माध्यम से फाइल मूव करने के लिए निर्देशित किया और साथ ही जिले में पोषण पुनर्वास केन्द्र, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, आयुष्मान वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सामाजिक अंकेक्षण आदि कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके लिए लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### अपूर्ण कार्यों में तेजी लाने के लिए किया निर्देशित

बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कोयलीबेड़ा, दुर्गूकोंदल तथा अंतागढ़ जनपद पंचायतों के सीईओ को शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अप्रारम्भ निर्माण कार्यों को प्रारम्भ कराने और अपूर्ण कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा डीएमएफ और विशेष केन्द्रीय सहायता मद के कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सभी जनपद पंचायत के सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए। शहर के भीतर सड़क निर्माण कार्यों में भी गति लाने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया।

## धान बेचकर अपनी जरुरतों को पूरा कर रहे किसान, सरकार का माना आभार

**कांकेर।** प्रदेश सरकार द्वारा मेहनतकश किसानों को उनकी उपज के एक एक दाने की कीमत चुकाने पिछले वर्ष की भांति इस साल भी 15 नवंबर से धान की खरीदी की जा रही है। यह किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है जिसके चलते वे अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। जिले के किसान भी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत उपार्जन केंद्रों में धान बेचकर उससे प्राप्त राशि से अपने सपनों को पंख दे रहे हैं।



नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम रामपुर जुनवानी निवासी 54 वर्षीय नंदकुमार सिन्हा भी ऐसे किसानों में हैं, जिन्होंने चवाड़ उपार्जन केंद्र में अपना धान बेचा। किसान ने बताया कि उनके पास 1 एकड़ 82 डिसमिल कृषि भूमि है, जहाँ वे वर्षों से मेहनत और लगन के साथ खेती करते आ रहे हैं। किसान नन्द कुमार ने बताया कि उनके चार सदस्यीय परिवार में पत्नी गृहिणी है, जबकि बेटी की शादी हो चुकी है और बेटा सब इंस्पेक्टर की परीक्षा की तैयारी कर रहा है। परिवार की जिम्मेदारियों और खेती के खर्चों के बीच वे हर वर्ष बेहतर उत्पादन और बेहतर दाम की उम्मीद रखते हैं और प्रदेश की साय सरकार उनकी उम्मीद पर खरा उतर रही है। पिछले साल की भांति इस बार भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान बिकने से उनके चेहरे पर संतुष्टि की मुस्कान तैर रही है। उन्होंने कहा अब धान बिक गया है, तो पिछले माह धनतेरस पर जो गाड़ी ली थी, उसकी अग्रिम किश्त का भुगतान हो जाएगा, वहीं कुछ राशि अपनी खेती में भी लगाऊँगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनतकश किसानों को उनके धान का बेहतर मूल्य अदा कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती दी है और दुगने उत्साह के साथ उन्हें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी दृढ़ हुआ है। उल्लेखनीय है कि आज उक्त केंद्र चवाड़ में 100 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हुई।

## बासनवाही उपार्जन केंद्र में धान खरीदी बंद, किसानों में आक्रोश

**बासनवाही।** बासनवाही मांडाभर्री, मुसुरपुट्टा धान उपार्जन केंद्र में अब तक धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू नहीं किए जाने से क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। बासनवाही, बांगाबारी, साईमुंडा और मांडाभर्री पंचायतों के सैकड़ों किसान अपनी उपज लेकर सुबह से खरीदी केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों की हड़ताल के कारण धान तौलने का काम ठप पड़ा हुआ है।



बासनवाही के किसानों का कहना है कि लगातार शासन-प्रशासन को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उनकी धान की फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। खुले में पड़े धान पर मौसम का असर पड़ने से नुकसान का अंदेशा भी गहराया है। किसानों ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा हम खेती-किसानी कर किसी तरह घर चला रहे हैं। अगर खरीदी समय पर शुरू नहीं हुई तो हमारा धान खराब हो जाएगा। सरकार जल्द व्यवस्था करे, नहीं तो आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। किसानों का यह भी कहना है कि हड़ताल और प्रशासनिक उदासीनता का सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ रहा है। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर फसल तैयार की है, ऐसे में खरीदी में देरी होने से आर्थिक संकट गहरा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों पंचायतों बासनवाही, बांगाबारी और मांडाभर्री के किसानों ने संयुक्त बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि यदि अगले तीन दिनों के भीतर धान खरीदी शुरू नहीं होती, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। किसान नकुल निषाद, लखनलाल गंगबेर और जनपद सदस्य पवन नेताम, सुकचन्द ध्रुव, कृष्णा साहू, रामसागर मरकाम, आल्हाराम यादव, सन्तराम यादव, मनोज साहू, सुकउ मरकाम एवं सभी किसानों ने एक स्वर से चेतावनी देते हुए कहा यदि प्रशासन तीन दिन के अंदर खरीदी व्यवस्था नहीं करता, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धान खरीदी केंद्र में ताला लटका होने से किसानों को रोजाना कई किलोमीटर का सफर करना पड़ रहा है, लेकिन मौके पर न अधिकारी दिखते हैं, न समाधान की कोई पहल। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसानों की समस्या समय पर नहीं सुलझाई गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। किसानों की मेहनत से उपजा धान खरीदी केंद्रों में अटका हुआ है और प्रशासनिक लापरवाही के कारण किसान आंदोलन के मुहाने पर खड़े हैं। जिले के लिए यह बड़ा सवाल है कि आखिर कब बासनवाही केंद्र में खरीदी प्रक्रिया सुचारु होगी और किसानों की राहत लौटेगी।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ, कलेक्टर ने कहा- उपार्जन केन्द्रों में बेचें किसान

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 20225-26 के तहत 15 नवम्बर से राज्य शासन द्वारा किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में भी धान-खरीदी प्रारम्भ हो चुकी है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से की जा रही है। जिले के सभी 149 धान खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में से धान खरीदी शामिल है, जिसके तहत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों तथा धान खरीदी प्रबंधकों की नियुक्ति कर दी गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं जैसे छाया, पेयजल, बारदाना, हमाल, आवश्यक उपकरण एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कर ली गई हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी तरह जिले के उपार्जन केन्द्रों में अन्य राज्यों से कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान लाकर खपाने को रोकने के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में 13 एवं जिला स्तर पर 05 चेक पोस्ट, यानी कुल 18 चेक पोस्ट बनाई गई है। कलेक्टर ने जिले के सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपने धान को निर्धारित धान खरीदी केंद्र में अवश्य लाएं और शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई ऑनलाइन सुविधा तुंहर टोकन एप का भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने जिले के किसानों को भरोसा दिलाया है कि धान खरीदी कार्य पूरी तरह पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

## कर्मचारियों की हड़ताल के कारण धान खरीदी ठप, केंद्र का किया निरीक्षण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। शासन द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा के बावजूद, क्षेत्र में 18 नवंबर तक एक भी केंद्र में खरीदी शुरू नहीं हो पाई है, जिसका मुख्य कारण लेंपस कर्मचारियों की हड़ताल बताई जा रही है, जिसके चलते खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएँ पूरी नहीं हो सकी हैं।



धान खरीदी शुरू न होने से पूरे क्षेत्र के किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। खेतों से धान निकालकर रखने की व्यवस्था, परिवहन, भंडारण सहित कई स्तरों पर उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि तारीख तय होने के बाद भी यदि खरीदी प्रारंभ नहीं होती, तो इससे सीधे-सीधे उनकी मेहनत पर असर पड़ता है और आर्थिक संकट भी गहराता है। इसी अव्यवस्था को लेकर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने दुर्गुकोंदल के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह साफ दिखाई दिया कि केंद्र में आवश्यक तैयारियाँ तुलाई व्यवस्था, बारदाने, मंडी सत्यापन, स्टाफ की उपलब्धता आदि किसी भी स्तर पर पूर्ण नहीं हैं। मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि शासन-प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि सरकार सिर्फ घोषणा करने में व्यस्त है, लेकिन जमीनी स्तर पर न तो व्यवस्थाएँ सुधारी गई हैं और न ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द धान खरीदी शुरू नहीं हुई तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव मुन्ना सिंहा, नरेंद्र जैन, उप सरपंच लतीफ ध्रुव, देवी लाल, तुषार शांडिल्य सहित अन्य सक्रिय सदस्य भी उपस्थित रहे। दुर्गुकोंदल विकासखंड में धान खरीदी की तैयारियों का अभाव किसानों में नाराजगी और आक्रोश को बढ़ा रहा है। क्षेत्रीय किसान अब जल्द से जल्द खरीदी प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## शिक्षक, पालक-बालक सम्मेलन में हाफ इयरली एग्जाम की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर चर्चा



**कांकेर।** पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकेण्डरी में शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर अपने बच्चें के हाफ इयरली एग्जाम के प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौशल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे मे छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रूचि की भी चर्चा की गई। स्कूल में कम्प्यूटर एआई व रोबोटिक्स कक्षाओं का भी संलग्न हो रहा है। स्कूल प्रत्येक छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए पैराडाइज स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ योग ध्यान, विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, क्लासिकल एवं वेस्टर्न गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड काफ्ट, बाल नैतिक शिक्षा एवं यूथ इम्पावरमेन्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है, जिससे प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिये अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें।

## ग्रामीणों को नशामुक्ति और साफ-सफाई के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज :कांकेर

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत जामगांव में शासकीय नवीन महाविद्यालय नरहरपुर के द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मंगलवार से शुरू हुआ और सोमवार को समापन हुआ। शिविर के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साफ-सफाई और अनुशासन के बारे में बताया गया। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, जिला सह प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा सरस उपाध्याय, सरपंच भगवती उईके, ग्राम सभा अध्यक्ष रत्लुराम नेताम, प्राचार्य साधु



राम मांडवी, नरेन्द्र नाग, गौरव शोरी, ब्रम्हदेव उईके, रामेश्वर उईके, प्रदुमन वट्टी, लखन यादव, सदाराम शोरी, संग्राम चौहान, रामेश्वरी सिन्हा, कुलेश्वरी सोरी, छैमो नेताम, सरिता मांडावी की उपस्थिति में हुआ। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अनुशासन में रहना बहुत जरूरी है और एनएसएस के लोगों को बताया कि हर गांव में ऐसे एनएसएस कैंप लगना चाहिए।

### बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और उन्हें नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। शिविर के दौरान 7 दिनों तक धार्मिक संस्कृति परंपरा गीत में डांस किया गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति और साफ-सफाई के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें अपने जीवन में इन बातों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने भी साफ-सफाई में अपना योगदान दिया।

## अंतागढ़ में लंबे समय से एसडीएम पद रिक्त जमीनीस्तर के कार्य हो रहे प्रभावित : अनूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

क्षेत्र अंतागढ़ के महत्वपूर्ण प्रशासनिक ढांचे का हिस्सा माने जाने वाले अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम का पद लंबे समय से रिक्त रहने पर पूर्व विधायक अनूप नाग ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अंतागढ़ जैसे संवेदनशील और व्यापक क्षेत्र में एसडीएम का अभाव से जमीनी स्तर के कार्य प्रभावित होते है। फिलहाल यह दायित्व अतिरिक्त कलेक्टर के प्रभार में होने से कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि वर्तमान समय में धान खरीदी, मतदाता सूची पुनरीक्षण समेत अनेक महत्वपूर्ण कार्य चल रहे हैं, ऐसे में एसडीएम का नियमित पदस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सवाल



उठाया कि जब क्षेत्र में इतने महत्वपूर्ण कार्य प्रचलित हैं, तब जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस पद को भरने में गंभीर क्यों नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यदि शासन जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुन रहा है, तो एक की जगह दो निम्बू काटकर पद की नियुक्ति कराना चाहिए। पूर्व विधायक ने क्षेत्रीय विकास कार्यों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि हाल ही में विधायक विक्रम उसेण्डी दिल्ली जाकर परिवहन मंत्री से सड़क और पुलिया निर्माण की मांग कर आए, जिसके लिए उन्होंने उन्हें साधुवाद दिया। परन्तु उन्होंने कहा कि कोटरी नदी के बेचाघाट पर पुलिया निर्माण के लिए पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा दिए गए वित्तीय स्वीकृति के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो सका। सेतु निगम को एजेंसी नियुक्त किया गया था।

### फरवरी तक संभव नही

इस मामले में प्रशासन से पतासाजी करने पर प्रशासनिक सूत्रों से जानकारी मिली कि निर्वाचन आयोग के द्वारा एसईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है, इसलिए फरवरी तक प्रशासनिक व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हो सकता है, यानी फरवरी माह तक प्रशासन में किसी भी तरह का फेरबदल संभव नहीं है।

### शिक्षक कल्याण संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**बकावंड।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के महासचिव डेन्शनाथ पाण्डे के मार्गदर्शन और आशानिधी आनंद ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में 1998-99 से कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग के समस्याओं के समाधान हेतु विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव से चर्चा कर शीघ्र समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा । सेवा पुस्तिका का सत्यापन, अर्जित अवकाश त्रुटि सुधार, शैक्षणिक योग्यता अंकित किया जाना, ओपीएस, एनपीएस का पास बुक संधारण किए जाने, अवकाश पोर्टल अपडेशन कार्य किए जाने एवं अन्य विषयों पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी से अपनी मांग रखी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411